संख्या-11022/02/2023-हिंदी
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
***

एनडीसीसी-।। भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 11 सितम्बर, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय: हिंदी दिवस-2023 के अवसर पर, केन्द्रीय गृह सचिव द्वारा जारी अपील।

14 सितम्बर, 2023 को हिंदी दिवस के अवसर पर, केन्द्रीय गृह सचिव द्वारा जारी अपील की एक प्रति इस अनुरोध के साथ भेजी जा रही है कि हिंदी दिवस-2023 के अवसर पर इस अपील को अपने कार्यालय के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के संज्ञान में लाए ताकि उन्हें अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करने हेतु और प्रेरित किया जा सके।

संलग्न: यथोपरि

(राकेश कुमार)
निदेशक(रा.भा.)-सलाहकार
दूरभाष: 011-23438192
ई मेल : dir_ol@mha.gov.in

सेवा में,

1 .गृह मंत्रालय के सभी सम्बद्ध/ अधीनस्थ कार्यालय।
2. गृह मंत्रालय (मुख्य) और राजभाषा विभाग के सभी अधिकारी/ डेस्क/ अनुभाग।
3. अनुभाग अधिकारी, आई टी सेल को गृह मंत्रालय की बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

अजय भल्ला, भा.प्र.से.
AJAY BHALLA, IAS

गृह सचिव
Home Secretary
भारत सरकार
Government of India
नॉर्थ ब्लॉक/North Block
नई दिल्ली/New Delhi

संख्या : 11022/02/2023-हिंदी

दिनांक : 08 सितम्बर 2023

अपील

संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी भाषा को संघ की राजभाषा के रूप में तथा अंकों के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप को स्वीकार किया था। प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

2. गृह मंत्रालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 16 सितम्बर से 29 सितम्बर, 2023 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान गृह मंत्रालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों में हिंदी में कार्य करने के प्रति रुचि जगाने तथा उन्हें अपना सरकारी काम-काज हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं एवं हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार की गतिविधियों से, गृह मंत्रालय में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने में निश्चित रूप से अपेक्षित सफलता प्राप्त होगी और हम हिंदी के लिए सकारात्मक वातावरण बनाने में सक्षम होंगे।

3. हिंदी भाषा राष्ट्रीय पहचान और एकता की मजबूत कड़ी के रूप में विशेष भूमिका निभाती आ रही है। हमारे विशाल, बहु-आयामी और बहु-भाषी राष्ट्र के नागरिकों को एक मंच पर लाने में सम्पर्क-भाषा के रूप में हिंदी का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज इस रूप में हिंदी भाषा, मीडिया, समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं, विज्ञापनों, फिल्मों जैसे विभिन्न संपर्क के माध्यमों और विशेष रूप से संसद जैसे महत्वपूर्ण मंच पर प्रतिष्ठा अर्जित करके, लोकप्रियता प्राप्त कर चुकी है।

4. राजभाषा के रूप में हिंदी का अधिकतम प्रयोग किए जाने के लिए बनाए गए अधिनियम, नियमों तथा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों का अनुपालन करते हुए, हमें अपने सरकारी काम-काज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का भरसक प्रयास करना चाहिए। अब कम्प्यूटर और अन्य हिंदी सॉफ्टवेयर की उपलब्धता के फलस्वरूप हिंदी में कार्य करना पहले से और अधिक सरल हो गया है। अब केवल टाईप करके टंकण द्वारा ही नहीं बल्कि बोलकर भी कंप्यूटर पर हिंदी में टंकण कार्य किया जा सकता है।

5. हिंदी दिवस 2023 के अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मैं कहना चाहूंगा कि वर्तमान समय AI अर्थात आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (कृत्रिम बौद्धिकता) का है । हमें इस AI का प्रयोग पूर्ण सावधानी एवं बुद्धिमत्ता के साथ करना होगा। केवल तभी हम इसका सकारात्मक और सुरक्षित लाभ उठा सकेंगे।

अजय भल्ला

(अजय भल्ला)